प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 25.03.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

आज के मुख्य समाचारः—

1— जगदलपुर में आज माओवादी संगठन के एक शीर्ष नेता पापा राव सहित अट्ठारह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के चार लाख पंचानवे हजार से अधिक हितग्राहियों को जारी की राशि।

3— सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में सुनवाई फिर से शुरू।

4— छत्तीसगढ में आज से शुरू हुआ प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स—केंद्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने किया इस प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ।

माओवादी आत्मसमर्पण

जगदलपुर में आज माओवादी संगठन के एक शीर्ष नेता पापा राव सहित अट्ठारह माओवादियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। बताया जाता है कि पापा राव माओवादी संगठन में स्टेट जोनल कमेटी का सदस्य था और इस पर पच्चीस लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण के दौरान इन माओवादियों ने आठ एके—फोर्टी सेवन, सेल्फ लोडिंग राइफल, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर सहित अन्य हथियार भी सौंपे हैं।

पापा राव और उनके साथियों के आत्मसमर्पण को सार्थक कदम बताते हुए

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर दोहराया कि सरकार ने आगामी इकतीस मार्च तक नक्सलवाद के पूरी तरह उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज जगदलपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पापा राव के आत्मसमर्पण के बाद अब छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शीर्ष स्तर का कोई भी माओवादी नेता नहीं बचा है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बचे हुए माओवादियों से भी समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

गौरतलब है कि माओवादियों का शीर्ष नेता पापाराव सुकमा जिले का रहने वाला है। वह पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी का इंचार्ज और दक्षिण सब जोनल ब्यूरो का सदस्य भी रह चुका है। पापा राव को वर्ष दो हजार दस में हुए ताड़मेटला कांड का मास्टरमाइंड भी माना जाता है।

केन्द्र–स्पष्टीकरण

केन्द्र सरकार ने उन खबरों और सोशल मीडिया के जरिये फैल रही अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना–पी.एम.यू.वाई. के तहत एलपीजी कनेक्शनों के लिए रिफिल बुकिंग की समय–सीमा को संशोधित करके पैंतालीस दिन कर दिया गया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा रिफिल बुकिंग की समय–सीमा अपरिवर्तित है। शहरी क्षेत्रों में ये पच्चीस दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में पैंतालीस दिन बनी हुई है, चाहे कनेक्शन का प्रकार कुछ भी हो। सरकार ने यह भी दोहराया है कि देश में पर्याप्त एलपीजी स्टॉक उपलब्ध है और लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने लोगों से ऐसी गलत सूचनाओं पर विश्वास न कर उन्हें प्रसारित नहीं करने और अनावश्यक या घबराहट में एलपीजी रिफिल बुकिंग से बचने की सलाह दी है।

इस बीच, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि देशभर में ईंधन की कोई कमी नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय–अनुसूचित जाति

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। एक फैसले में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है। न्यायालय ने कहा कि एक बार कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और सक्रिय रूप से उस धर्म का पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट–याचिका खारिज

सर्वोच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार इक्कीस में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी की परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देने के उच्च न्यायालय के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बिलासपुर उच्च न्यायालय के पूर्व के आदेश को यथावत् रखते हुए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट–जग्गी हत्याकांड

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में सुनवाई फिर से शुरू कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने इस मामले में आरोपी अमित जोगी और रामअवतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी को नोटिस जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है।

गौरतलब है कि चार जून दो हजार तीन को एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में इकतीस अभियुक्त बनाए गए थे। अमित जोगी को छोड़कर अट्ठाईस लोगों को सजा सुनाई गई थी। इकतीस मई दो हजार सात को रायपुर की विशेष अदालत ने सबूतों के अभाव में अमित जोगी को बरी कर दिया था।

भूमिहीन कृषि मजदूर

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलौदाबाजार में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के चार लाख पंचानवे हजार से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में चार सौ पंचानवे करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि अंतरित की। इनमें आदि परंपराओं के संरक्षक माने जाने वाले बाईस हजार से अधिक बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि सरकार का संकल्प परिश्रम का सम्मान, श्रमिकों का कल्याण और भूमिहीन कृषि मजदूरों का सशक्तीकरण करना है।

आकाशवाणी–वंदे मातरम

आकाशवाणी कल से अपने सुबह के प्रसारण की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण से करेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि गृह मंत्रालय के हालिया दिशा–निर्देश में राष्ट्रगीत के छह श्लोकों को शामिल किया गया है। आकाशवाणी के सभी स्टेशन कल से राष्ट्रगीत का पूर्ण संस्करण प्रसारित करना शुरू कर देंगे। पूर्ण संस्करण की अवधि तीन मिनट दस सेकंड है। प्रसारित होने वाला पहला संस्करण प्रसिद्ध हिंदी शास्त्रीय गायक पंडित चंद्रशेखर वाजे द्वारा राग देस में गाया गया है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

---

छत्तीसगढ में आज से प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में अब से कुछ देर पहले शुभारंभ समारोह शुरू हो गया है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया इस प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरूण साव के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद हैं।

तीन अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और स्वीमिंग की सात खेल स्पर्धाएं होंगी। इसके अलावा मलखंभ और कबड्डी को डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ के तीन शहरों – रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में देश के करीब तीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के तीन हजार से अधिक जनजातीय खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ ने तैराकी प्रतियोगिता में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। कर्नाटक पांच स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं, ओडिशा एक स्वर्ण सहित चार पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

लोकसभा–रेल अवसंरचना

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज लोकसभा में छत्तीसगढ़ में रेल अवसंरचना के विकास के संबंध में सवाल पूछा। जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इनमें छत्तीसगढ़ के बत्तीस स्टेशन भी शामिल हैं। श्री वैष्णव ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के पांच स्टेशनों का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें अंबिकापुर, भानुप्रतापपुर, भिलाई, डोंगरगढ़ और उरकुरा स्टेशन शामिल हैं।

महासमुंद रोपवे हादसा–मौत

महासमुंद जिले के खल्लारी मंदिर में बीते बाईस मार्च को हुए रोप–वे हादसे में घायल एक और व्यक्ति की मौत हो गई है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब दो हो गई है। वहीं, पंद्रह घायलों में से दो की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

इस बीच, रोप–वे हादसे की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित समिति ने घटनास्थल पहुंचकर रोप–वे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने वहां उपस्थित लोगों से रोप–वे संचालन के संबंध में जानकारी ली।

इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रोप–वे दुर्घटना में प्रभावित परिवारों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है। उन्होंने दिवंगत श्रद्धालु के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपए और घायलों को पचास–पचास हजार रुपए की सहायता राशि देने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वन्यजीव–निर्देश

---

राज्य के वन्यजीव प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण विभाग ने प्रदेश के सभी मुख्य वन संरक्षकों को पत्र जारी कर वन्यप्राणी बाहुल्य क्षेत्रों में आवास कुत्तों के प्रवेश की रोकथाम के लिए निर्देश दिया है। अपने पत्र में विभाग ने एनिमल वेलफेयर बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तिका के प्रावधानों का पालन करने को कहा है।

गौरतलब है कि बीते बीस मार्च की रात सरगुजा वनमंडल अंतर्गत संजय वाटिका में आवारा कुत्तों के काटने से पंद्रह हिरणों की मौत हो गई थी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>